जनपद हमीरपुर

दिनांक 05.06.2026

यूपी-112 पीआरवी कर्मियों की तत्परता से सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की बची जान।

जनपद हमीरपुर में यूपी-112 पीआरवी कर्मियों द्वारा एक बार फिर अपनी तत्परता एवं कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को समय रहते उपचार उपलब्ध कराकर उसकी जान बचाने का सराहनीय कार्य किया गया।

दिनांक 04.06.2026 को समय लगभग 13:15 बजे पीआरवी-7903 थाना राठ को सूचना प्राप्त हुई कि राठ-गोहांड मार्ग स्थित मसगवां मोड़ के पास एक चार पहिया वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है। सूचना कॉलर यसेंद्र पुत्र रामहेत निवासी गोहांड, थाना जरिया, जनपद हमीरपुर द्वारा दी गई।

सूचना प्राप्त होते ही पीआरवी-7903 पर नियुक्त कमांडर आरक्षी आसिफ शेख, सब-कमांडर होमगार्ड सत्यप्रकाश एवं पायलट आरक्षी संजेश कुमार तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे तथा घायल व्यक्ति को प्राथमिक सहायता प्रदान करते हुए बिना समय गंवाए पीआरवी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोहांड पहुंचाकर उपचार हेतु भर्ती कराया। घायल व्यक्ति की पहचान हरेश चन्द्र पुत्र ठाकुर दास निवासी ग्राम बड़ा, थाना राठ, जनपद हमीरपुर के रूप में हुई। मौके पर घायल के परिजन एवं स्थानीय थाना पुलिस भी उपस्थित रही।

पीआरवी कर्मियों की त्वरित एवं मानवीय कार्यवाही के कारण घायल को समय पर चिकित्सीय सहायता उपलब्ध हो सकी, जिससे उसकी जान बचाई जा सकी। यूपी-112 के कर्मियों द्वारा किया गया यह कार्य अत्यंत सराहनीय एवं प्रशंसनीय है। स्थानीय लोगों एवं आमजनमानस द्वारा यूपी-112 की त्वरित सेवा एवं मानवीय संवेदनशीलता की भूरि-भूरि प्रशंसा की जा रही है।